यमुना के तट पर है

यमुना के तट पर है धाम तेरा बाबा,
सब कहते है तुमको मरघट वाले बाबा,

मंगल शानिषर को तेरी पूजा भारी है,
लड्डू व् चूरमे का तुम्हे भोग लगे बाबा,
यमुना के तट पर है.....

भगतो के सुख दुःख में तुम सदा सहाई हो,
संकट मोचन तुमको सब कहते है बाबा,
यमुना के तट पर है.....

सिंदूरी चोले पर चांदी का बर्क लगे,
तेरा लाल लंगोटा है,
और लाल ध्वजा बाबा,
यमुना के तट पर है.....

यमुना मैया बाबा तुम्हे लाड लड़ाती है,
अंजना मैया जैसा तुम्हे प्यार करे बाबा,
यमुना के तट पर है....

तेरा तेज निराला है तेरा रूप निराला है,
दर आये भगतो के सब काम बना बाबा,
यमुना के तट पर है...

तेरे मेरे मन की सब जानते है बाबा,
रणजीत राजा को भी चरणों से लगा बाबा,
यमुना के तट पर है...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3623/title/yamuna-ke-tat-par-hai-dham-tera-baba-sb-kehte-hai-tumko-marghat-vale-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |